भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या – 383

(जिसका उत्तर मंगलवार, 05 अगस्त, 2014 को दिया गया)

<u>भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान और भारतीय लागत और संकर्म लेखापाल संस्थान का कार्यकरण</u>

***383. डा. वी. मैत्रेयन :**

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान तथा भारतीय लागत और संकर्म लेखापाल संस्थान के क्षेत्रीय केन्द्रों और खंडों (चैप्टर्स) के कार्यकरण पर कोई नियंत्रण है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक क्षेत्रीय केन्द्र और खंड (चैप्टर) से कुल कितना राजस्व अर्जित किया गया है;

(घ) क्या किसी संसदीय समिति द्वारा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान और भारतीय लागत और संकर्म लेखापाल संस्थान के वित्तीय और प्रशासनिक कार्यकरण की समीक्षा तथा लेखापरीक्षा की गई है; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्री (श्री अरुण जेटली)

(क) से (ड.) : एक विवरण सदन पटल पर रख दिया गया है।

*****

दिनांक 05.08.2014 के राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 383 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (ड.) : भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान और भारतीय लागत लेखाकार संस्थान संसद के अधिनियमों अर्थात् चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिनियम, 1949 और लागत और संकर्म लेखाकार अधिनियम, 1959 के अधीन गठित स्वशासी संस्थान हैं। इन दोनो कानूनों के अधीन केन्द्रीय सरकार का उक्त संस्थानों के क्षेत्रीय केन्द्रों और खंडों के कार्यसंचालन पर कोई नियंत्रण नहीं है।

उक्त दोनों संस्थानों की परिषदें उनसे संबंधित अधिनियम की धारा 23 के अनुसार क्षेत्रीय परिषद् गठित करने के लिए प्राधिकृत हैं। तदनुसार, भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान की परिषद् द्वारा पांच क्षेत्रीय परिषदें और भारतीय लागत लेखाकार संस्थान की परि़षद् द्वारा चार क्षेत्रीय परिषदें स्थापित की गई हैं।

उक्त दोनों संस्थानों की क्षेत्रीय परिषदों के पास उपलब्ध राजस्व के आंकड़े अनुलग्नक में दिए गए हैं।

अभी तक किसी संसदीय समिति ने दोनों संस्थानों के वित्तीय और प्रशासनिक कार्यसंचालन की पुनरीक्षा नहीं की है।

*****

<u>अनुलग्नक</u>

दिनांक 05.08.2014 के राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 383 के भाग (क) से (ङ.) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

<u>पिछले तीन वर्षों के दौरान भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान और भारतीय लागत लेखाकार संस्थान की क्षेत्रीय परिषदों के पास उपलब्ध राजस्व</u>

क. <u>भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान</u>

क्षेत्रीय परिषद*	2010-11 (रुपए में)	2011-12 (रुपए में)	2012-13 (रुपए में)	2013-14 (रुपए में) (अनंतिम)
पश्चिम क्षेत्र	241569653	231776725	280526835	429934842
उत्तर क्षेत्र	106539729	108320192	134062542	224153513
मध्य क्षेत्र	201999030	181073552	225224430	318348034
दक्षिण क्षेत्र	230555251	210352842	309952043	459406671
पूर्व क्षेत्र	59160388	61867201	66011416	104521663

*इसमें संगत क्षेत्रीय परिषद् की स्थानीय शाखाओं के पास उपलब्ध राजस्व शामिल है।

ख. <u>भारतीय लागत लेखाकार संस्थान</u>

क्षेत्रीय परिषदों*	2010-11 (रुपए में)	2011-12 (रुपए में)	2012-13 (रुपए में)	2013-14 (रुपए में) (अनंतिम)
पश्चिम क्षेत्र	115591812	127301344	149299284	120118941
उत्तर क्षेत्री	56107842	63159837	88860874	60479512
दक्षिण क्षेत्र	132106142	172232003	189554706	144374884
पूर्व क्षेत्र	86386624	94295572	88965710	74286720

*इसमें संगत क्षेत्रीय परिषद् के स्थानीय खंडों के पास उपलब्ध राजस्व शामिल है।

*****